हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्षः 1 | अंकः 40 | पृष्ठः 8 | शुक्रवार 11 फरवरी से 17 फरवरी 2022

# आमदार अंधेरी विधानसभा दादा जे पी वासवानी चौक का डॉ.भारती ताई लवलेकर के हाथों किया गया उद्घाटन















**मुंबई. दादा जे.पी.वासवानी** के नाम से चौक का नामकरण भारतीय जनता पार्टी अंधेरी वर्सोवा विधानसभा की एम.एल.ए **डॉ.भारती ताई लवलेकर** के हाथों व बीजेपी नगरसेवक **योगिराज दाभडकर** की उपस्थित में 9/02/2022 शाम 5 बजे लोखंडवाला बैक रोड, अंधेरी वेस्ट में सम्पन्न हुआ. **योगिराज दाभडकर** ने भी अपने विभाग में बहुत अच्छे कार्य किए है जनता के लिए दिन - रात कार्य करते हैं. **डॉ.भारती ताई लवलेकर** ने अपनी वर्सोवा विधानसभा में बोहोत ही सामाजिक काम किया व यहां की कार्य सम्राट भी कही जाती हैं. **दादा जे.पी.वासवानी** जी एक जाने - माने भारतीय आध्यात्मिक नेता थे, शिक्षा स्वास्थ्य के लिए बहुत योगदान दिया है. साथ मे सामुहिक भजन कीर्तन व दया वकरुणा का संदेश भी दिया है.

# इस फिल्म निमार्ता ने अभिनेता आदित्य पंचोली के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत



**मुंबई:** फिल्म निमार्ता सैम फर्नांडीस ने मुंबई के जुहू पुलिस स्टेशन में बालीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली के खिलाफ एक होटल में कथित तौर पर उन्हें गाली देने, धमकाने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पंचोली ने भी क्रास शिकायत दर्ज कराई है। बुधवार को यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले बालीवुड एक्टर आदित्य पंचोली और जरीना वहाब ने जिया खान की मां राबिया खान के खिलाफ दिसंबर, 2020 में बांबे हाई कोर्ट की शरण ली थी। सेलेब्रिटी कपल ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके राबिया को उनके खिलाफ मानहानि करने वाली टिप्पणियां करने से रोकने की मांग की थी। 2011 से 2015 के बीच बांबे हाई कोर्ट ने राबिया को तीन बार पंचोली परिवार के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां ना करने का आदेश दिया था। 2017 में राबिया ने बांबे हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होकर कोई प्रेस रिलीज जारी ना करने और इंटरव्यू ना देने की बात कही थी। पंचोली परिवार के लायर प्रशांत पाटिल की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें उन्होंने कई यू-ट्यूब चैनलों के लिंक, संबंधित समाचारों की कतरनें और सोशल मीडिया पोस्ट को शामिल किया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि राबिया ने फाइट फार जिया नाम से एक ट्विटर एकाउंट बनाया है, जिसके 22 हजार फालोअर्स हैं, जिनसे आपत्तिजनक ट्वीट किए जा रहे हैं। याचिका में कहा गया है कि राबिया उनके क्लाइंट के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा और भद्दी टिप्पणियों का इस्तेमाल कर रही हैं।


निधन से पहले जिया बालीवुड फिल्मों की उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ निशब्द, आमिर खान के साथ गजनी और अक्षय कुमार की फिल्म हाउसफुल में काम किया था। जिया का मृत शरीर 2013 में उनके आवास पर पंखे से लटका मिला था। सीबीआइ जांच में जिया की सुसाइड की पुष्टि हुई थी, मगर उनकी मां राबिया का आरोप है कि उनका मर्डर हुआ है। इस मामले में आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पंचोली मुख्य आरोपी हैं, जो कथित तौर पर उस दौरान जिया को डेट कर रहे थे। 2018 में मुंबई की एक अदालत ने सूरज पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप चार्ज किए थे।

# तीसरी आंख रखेगी ट्रेन ड्राइवरों पर नजर

## लोकोमोटिव को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने की रेलवे ने शुरूआत



**मुंबई.** लंबी दूरी और मुंबई लोकल ट्रेन के महिला डिब्बों के बाद अब रेलवे तीसरी आंख के जरिए मोटरमैन पर निगरानी रखेगी. इसके लिए रेलवे ने ट्रेनों के लोकोमोटिव यानी इंजन को भी सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की शुरूआत कर दी है. इसके तहत रेलवे लंबी दूरी की ट्रेनों के लोकोमोटिव और लोकल ट्रेनों के मोटरमैन केबिन को तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जा रहा है. रेलवे द्वारा लोकोमोटिव में लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरों के सीधा कंट्रोल, कंट्रोल रूम में होगा, ताकि यात्रा के दौरान या किसी प्रकार की दुर्घटना होने की स्थिति में मोटरमैन की हर एक्टिविटी पर नजर रखी जा सके. मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने बताया कि हमने लंबी दूरी के लोकोमोटिव और लोकल ट्रेनों के मोटरमैन केबिन में सीसीटीवी कैमरे लगाने की शुरूआत भी कर दी है. पहले चरण में एक्सप्रेस और लोकल ट्रेनों के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को इन कैमरों से लैस किया जा रहा है. ये कैमरे, यात्रा के दौरान मोटरमैन की एक्टिविटी पर नजर रखने और यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की स्थिति में काफी मददगार साबित होंगे.






# जूते के धंधे की आड़ में ड्रग्स का काला कारोबार महाराष्ट्र एटीएस ने किया पदार्फाश



**मुंबईः** महाराष्ट्र एटीएस ने मुंबई से सटे पालघर जिले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बड़े ड्रग्स सिंडिकेट का पदार्फाश किया है. इस कार्रवाई में महाराष्ट्र एटीएस ने 5 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की है. करोड़ों की हेरोइन की इस खेप के साथ 2 ड्रग्स तस्करों को भी महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार किया है. महाराष्ट्र एटीएस के आला अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार किए गए दोनों ड्रग्स पैडलर जूते के धंधे की आड़ में ड्रग्स का कारोबार चलाते थे. वह जूते के सोल में ड्रग्स को छुपाकर उसकी तस्करी करते थे , ताकि किसी को भनक न लगे. जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र एटीएस की जुहू यूनिट को अपने गोपनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली कि पालघर जिले की वसई तहसील के पेल्हार गांव में बड़ी मात्रा में हेरोइन की खेप छुपाई गई है और उसकी तस्करी होने वाली है. इस जानकारी के मिलते ही एटीएस की जुहू और ठाणे यूनिट की टीम ने मिलकर पेल्हार गांव में छापा मारा. गांव के जिस घर मे छापेमारी की गई, वहां से करीब 2 किलो हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत 5 करोड़ 17 लाख रुपये है.

## लता मंगेशकर का स्मारक मुंबई के शिवाजी पार्क में बनाने का अनुरोध

### भाजपा विधायक ने सीएम ठाकरे को लिखा पत्र



**मुंबईः** महाराष्ट्र भाजपा विधायक राम कदम ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर दिग्गज गायिका लता मंगेशकर के स्मारक को मुंबई के शिवाजी पार्क में बनाने का अनुरोध किया है। बता दें कि सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का कल पूरे राजकीय सम्मान के साथ पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया गया था। बता दें कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने रविवार को दुनिया को अलविदा कह दिया। भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर ने रविवार सुबह 8 बजकर 12 मिनट पर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की दुखद खबर मिलते ही देश-विदेश में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में अपनी रैली रद कर दी और उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए शाम करीब साढ़े छह बजे शिवाजी पार्क पहुंचे। वहां उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित की और हाथ जोड़कर शरीर की परिक्रमा करते हुए लता दीदी को प्रणाम किया। लता मंगेशकर के निधन पर केंद्र सरकार की ओर से दो दिन के राष्ट्रीय शोक और महाराष्ट्र सरकार की ओर से एक दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा की गई है। उनके निधन पर कई राज्य सरकारों ने दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है

## संजय राउत बोले

# महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की तैयारी

# सरकार गिराना चाहती है भाजपा



**मुंबईः** शिवसेना सांसद संजय राउत ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को एक पत्र लिखा है, जिसमें दावा किया कि उनसे कुछ लोगों ने संपर्क किया था, जिन्होंने उनसे महाराष्ट्र में एमवीए सरकार को गिराने में सहायता करने के लिए कहा था, ताकि मध्यावधि चुनाव कराए जा सकें। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। वह झुकेंगे नहीं और सच बोलना जारी रखेंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व अन्य केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को गिराने के लिए किया जा रहा है। नायडू को लिखे पत्र में राउत ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां शिवसेना नेताओं को व्यवस्थित रूप से लक्षित कर रही थीं, जब पार्टी ने एनसीपी और कांग्रेस के साथ महाराष्ट्र में (एमवीए) सरकार बनाई थी। राउत ने नायडू से सत्ता के दुरुपयोग व राज्यसभा सदस्यों के कथित उत्पीड़न पर ध्यान देने का अनुरोध किया, और कहा कि उपराष्ट्रपति को भी बोलना चाहिए और इस संबंध में कार्रवाई करनी चाहिए। राउत ने कहा कि वह न तो डरे हैं हैं और न झुकेंगे और सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह सच बोलना जारी रखेंगे। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने मंगलवार को नायडू को पत्र लिखा और इसकी प्रतियां कांग्रेस के राहुल गांधी और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार जैसे नेताओं को भी भेजीं।

बुधवार को दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि पत्र सिर्फ एक ट्रेलर है और वह इस बात का पदार्फाश करेंगे कि कैसे (कुछ) ईडी के लोग कथित तौर पर भाजपा का आपराधिक सिंडिकेट चला रहे थे। उनके मुताबिक, लगभग एक महीने पहले कुछ लोगों ने मुझसे संपर्क किया और कहा गया कि महाराष्ट्र सरकार को गिराने में उनकी सहायता करें। वे चाहते थे कि मैं इस तरह के प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊं, ताकि राज्य को मध्यावधि चुनाव के लिए मजबूर किया जा सके।

राउत ने कहा कि उन्होंने गुप्त एजेंडे का हिस्सा बनने से इन्कार कर दिया, और दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि उनके इन्कार से उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। शिवसेना नेता ने दावा किया कि उन्हें यहां तक कहा गया था कि उनकी किस्मत एक पूर्व रेल मंत्री की तरह हो सकती है, जिन्होंने कई साल जेल में बिताए।

मुझे यहां तक चेतावनी दी गई थी कि मेरे अलावा, महाराष्ट्र कैबिनेट में दो अन्य वरिष्ठ मंत्रियों को भी पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा, जिससे महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं, जिसमें सभी महत्वपूर्ण हैं। राज्य के नेता सलाखों के पीछे हैं।



# संपादक

संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

## प्रधानमंत्री के तीखे, लेकिन तथ्यों से लैस संबोधन से कांग्रेस नेतृत्व तिलमिलाया



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए उसे और विशेष रूप से कांग्रेस पर जैसे करारे प्रहार किए, उससे वह केवल बेनकाब ही नहीं हुई, बल्कि शर्मसार भी दिखी। वास्तव में प्रधानमंत्री ने गांधी परिवार को जिस तरह निशाने पर लिया, उससे वह बगलें झांकने वाली स्थिति में दिखा। निःसंदेह संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री के तीखे, लेकिन तथ्यों से लैस संबोधन से कांग्रेस नेतृत्व तिलमिलाया होगा, लेकिन यदि वह अपने साथ अपनी पार्टी और विपक्ष का भला चाहता है तो उसे अपनी रीति-नीति पर आत्ममंथन करना चाहिए।कांग्रेस नेतृत्व को ऐसा इसलिए भी करना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री ने उसे हिदायत देने के साथ नसीहत भी खूब दी। उन्होंने उन कारणों का विस्तार से उल्लेख किया, जिनके चलते कांग्रेस दुर्दशा से ग्रस्त है और घोर नकारात्मकता का परिचय देने के साथ यह भी प्रकट करती रहती है कि जब देश पर कोई संकट आता है तो उसे आनंद का अनुभव होने लगता है। ऐसा तभी होता है, जब अंध विरोध एक आदत का रूप ले लेता है। यह आदत सरकार विरोध और देश विरोध के अंतर को भुलाने का ही काम करती है। गांधी परिवार और खासकर राहुल गांधी इस मुगालते से बाहर आ जाएं तो बेहतर कि परिवार विशेष का वारिस होने के नाते उन्हें देश पर शासन करने का जन्मसिद्ध अधिकार है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरूआत करते हुए राहुल ने न केवल ऐसी ही भाव भंगिमा प्रकट की थी, बल्कि सरकार को कठघरे में खड़ा करने के क्रम में कई अनुचित बातें भी की थीं। प्रधानमंत्री ने सूद समेत उनका जवाब दे दिया। उन्होंने केवल गांधी परिवार की सामंतवादी मानसिकता के साथ-साथ उसकी राजनीतिक असहिष्णुता, गरीबों को गरीब बनाए रखने की प्रवृत्ति को ही उजागर नहीं किया, बल्कि देश विरोधी तत्वों जैसी उसकी भाषा की ओर भी संकेत किया। उन्होंने कांग्रेस के लंबे शासनकाल में किए गए अनगिनत मनमाने कामों और खासकर राज्य सरकारों को बर्खास्त करने से लेकर आपातकाल लगाने एवं वामपंथियों के प्रभाव में आकर देश की अस्मिता और उसके हितों पर आघात करने वाले तौर-तरीकों का जो कच्चा-चिट्ठा खोला, उसका ही यह परिणाम रहा कि उसके नेताओं को न तो संसद के भीतर कोई जवाब देते बना और न ही बाहर।

# आखिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि कर्नाटक में कुछ छात्राएं कक्षा में हिजाब पहनकर जाने लगीं?



यह देखना दयनीय है कि जब ईरान में महिलाएं बुर्के के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं और अफगानिस्तान में तालिबान बुर्का न पहनने वाली स्त्रियों पर कोड़े बरसा रहे हैं, तब कर्नाटक में कुछ छात्राएं हिजाब पहनकर पढ़ाई करने पर आमादा हैं। राज्य के उडुपी जिले के एक सरकारी कालेज में इस विवाद ने तब तूल पकड़ा, जब इसी दिसंबर की शुरूआत में छह छात्राएं हिजाब पहनकर कक्षा में पहुंच गईं। इसके पहले वे कालेज परिसर में तो हिजाब पहनती थीं, लेकिन कक्षाओं में नहीं। आखिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि वे अध्ययन कक्ष में हिजाब पहनकर जाने लगीं? इस सवाल की तह तक जाने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि एक तो यह विवाद देश के दूसरे हिस्सों को भी अपनी चपेट में लेता दिख रहा और दूसरे, इसके पीछे संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले कैंपस फ्रंट आफ इंडिया का हाथ दिख रहा है। यह पापुलर फ्रंट आफ इंडिया की छात्र शाखा है। माना जाता है कि यह प्रतिबंधित किए जा चुके कुख्यात संगठन सिमी का नया अवतार है। निःसंदेह हर किसी को अपनी पसंद के परिधान पहनने की आजादी है, लेकिन इसकी अपनी कुछ सीमाएं हैं। स्कूल-कालेज में विद्यार्थी मनचाहे कपड़े पहनकर नहीं जा सकते। इसी मनमानी को रोकने के लिए शिक्षा संस्थान ड्रेस कोड लागू करते हैं। इसका एक बड़ा कारण छात्र-छात्राओं में समानता का बोध कराना होता है। दुर्भाग्यपूर्ण केवल यह नहीं कि जब दुनिया भर में लड़कियों-महिलाओं को पर्दे में रखने वाले परिधानों का करीब-करीब परित्याग किया जा चुका है और इसी क्रम में अपने देश में घूंघट का चलन खत्म होने को है, तब कर्नाटक में मुस्लिम छात्राएं हिजाब पहनने की जिद कर रही हैं। यह न केवल कूप-मंडूकता और एक किस्म की धर्मांधता है, बल्कि स्त्री स्वतंत्रता में बाधक उन कुरीतियों से खुद को जकड़े रखने की सनक भी, जिनका मकसद ही महिलाओं को दोयम दर्जे का साबित करना है। यह हैरानी की बात है कि कांग्रेस समेत कई दल स्कूलों में छात्राओं के हिजाब पहनने की मांग का समर्थन कर रहे हैं।

इस क्रम में प्रियंका गांधी यहां तक कह गईं कि यह महिला का अधिकार है कि वह चाहे हिजाब पहने, चाहे बिकिनी, चाहे घूंघट.। क्या वह स्कूलों में भी बिकिनी, घूंघट की वकालत कर रही हैं? इस पाखंड और शरारत पर भी गौर करें कि कई कथित प्रगतिशील मुस्लिम महिलाएं, जो खुद हिजाब नहीं पहनतीं, वे उसके पक्ष में अभियान छेड़े हुए हैं।

# 1 मार्च को है महाशिवरात्रि पर्व,जानिए क्या है शुभ मुहूर्त और पूजा विधि



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। मार्च को मनाई जाएगी। के दिन विधि विधान से भगवान शिव की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख शांति बनी रहती है। महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जानिए साल 2022 में महाशिवरात्रि की तिथि, शुभ मुहूर्त और पूजा की विधि किस समय रहेंगे - साल 2022 में महाशिवरात्रि का शुभ मुहूर्त 1 मार्च मंगलवार यानी मंगलवार सुबह 3.16 बजे से शुरू होगा।

# लखीमपुर खीरी कांड में मंत्री पुत्र आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाई कोर्ट से जमानत

लखनऊः लखीमपुर खीरी में तीन अक्टूबर को तिकुनियां में उपद्रव के बाद हिंसा में चार किसान सहित आठ लोगों की मौत के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में बड़ा फैसला किया है। हाई कोर्ट ने इस केस के मुख्य आरोपित केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को जमानत दे दी है। लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा कांड में आरोपित आशीष मिश्रा उर्फ मोनू करीब चार महीने से लखीमपुर खीरी जेल में अपने साथियों के साथ बंद है। हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुरुवार को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री आशीष मिश्रा टेनी के पुत्र को जमानत दी है। कोर्ट ने इस केस में अपना फैसला बीते महीने सुरक्षित रखा था। इस हिंसा में आशीष मिश्रा को उसके साथियों के साथ किसानों को गाड़ी से रौंदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को जमानत देने का



यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने दिया। इससे पहले कोर्ट ने 18 जनवरी 2022 को आशीष की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित किया था। इसको आज सुना दिया। आशीष मिश्रा को बेल बांड दाखिल करना होगा, उसके बाद वह जेल से जमानत पर बाहर आ सकते हैं। गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत उसके साथियों पर चार किसानों और एक पत्रकार की मौत के मामले में केस दर्ज किया गया।

इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया था। एसआईटी ने अपनी जांच में कहा कि साजिश के तहत किसानों को कुचलकर मारा गया। इस मामले में विपक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्र के इस्तीफे की मांग करता रहा है। इस घटना में चार किसानों सहित कुल आठ लोगों की मौत हुई। आशीष अपने ऊपर लगे आरोपों से इंकार किया। आशीष का कहना था कि जिस समय यह घटना हुई उस समय वह घटनास्थल पर नहीं थे।

## मऊ सदर से सुभासपा के टिकट पर लड़ेंगे मुख्तार अंसारी, अधिवक्ता ने कलेक्टर से लिया नामांकन पत्रमऊ



**लखनऊः** मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 356 से मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता ने नामांकन का पर्चा लिया है। इस बाबत बताया कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से मुख्तार अंसारी मऊ सदर से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। मुख्तार के वकील दरोगा सिंह ने मुख्तार अंसारी के लिए पर्चा मऊ जिला मुख्यालय से कलेक्टर परिसर से प्राप्त किया तो परिसर में काफी गहमागहमी शुरू हो गई। नामांकन के लिए बांदा जेल से संबंधित प्रप्त्र मुख्तार अंसारी द्वारा दो सेट में भरा जाएगा। इसके बाद नामांकन दाखिल किया जाएगा। वहीं इससे पूर्व सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने भी भाजपा द्वारा बृजेश सिंह को समर्थन देने को लेकर मुख्तार अंसारी को समर्थन देने की बात कही तो पूर्वांचल में नए सियासी समीकरण तय होने की संभावना प्रबल होने लगी थी। इस बाबत बीते मंगलवार को ही मुख्तार के अधिवक्ता ने अदालत से सुभासपा के टिकट पर मुख्तार के चुनाव लड़ने के संदर्भ में अनुमति के लिए पत्र दिया तो मुख्तार की ओर से सुभासपा के टिकट पर चुनाव लड़ना फाइनल हो गया था।पूर्वांचल की हॉट सीट 356 मऊ सदर विधानसभा का चुनाव माफिया विधायक मुख्तार अंसारी सुभासपा के सिंबल पर छड़ी निशान से लड़ना तय हो गया है।

## सहारनपुर में बोले मोदी, यूपी की जनता ने ठाना

### जो बहन-बेटियों को सुरक्षित रखेंगे उसे ही वोट देंगे


**सहारनपुरः** सहारनपुर में रिमाउंट डिपो के मैदान में पीएम नरेन्द्र मोदी के संबोधन की शुरूआत भारत माता की जय, भारत माता की जय, भारत माता की जय से हुई। कहा कि, मां शाकंभरी की भूमि सहारनपुर के समस्त भाइयों बहनों को आदरपूर्वक नमस्कार। जहां मां दुर्गा के चार रूपों से एक जगह दर्शन होते हैं, ऐसी पावन जगह से मैं सभी माताओं, बहनों, बेटियों का अभिनंदन करता हूं।पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने ठान लिया है, जो यूपी को विकास के नई ऊंचाई पर पहुंचाएगा उसको ही वोट देंगे। जो यूपी को दंगा मुक्त रखेगा, उसे ही वोट देंगे। दंगों के खेल फिर से नहीं आने देना है। जो हमारी बहन बेटियों को भय मुक्त रखेगा, उसे ही वोट देंगे। जो अपराधियों को जेल भेजेगा, उसे ही वोट देंगे।भाजपा ने यूपी चुनाव के लिए जो घोषणा पत्र जारी



किया है, वह लोक कल्याण का संकल्प पत्र है। डबल इंजन की सरकार जो काम कर रही है, उसके लिए भाजपा सरकार जरूरी है। गरीबों को पीएम आवास योजना के घर मिलते रहें, उसके लिए भाजपा सरकार बहुत जरूरी है। गरीबों को अच्छे अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक की मुफ्त सुविधा मिलती रहे, उसके लिए यूपी में भाजपा सरकार जरूरी है। छोटे किसानों के बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि योजना का पैसा सीधे पहुंचता रहे, उसके लिए भी यूपी में भाजपा सरकार जरूरी है। गरीबों को महामारी के समय मुफ्त राशन मिलता रहे, इसके लिए भी यूपी में भाजपा सरकार जरूरी है। गरीबों को कोरोना काल खंड में वैक्सीन मुफ्त लगने में दिक्कत न हो, इसके लिए यूपी में भाजपा सरकार जरूरी है। क्योंकि घोर परिवारवादी लोग सरकार में होते तो वैक्सीन रास्ते में ही बिक जाती और जनता कोरोना के भय से आशंकित होकर जीवन-मृत्यु की लड़ाई को मजबूर हो जाते।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




सभी प्रेमी वही कह रहे हैं, जो कृष्ण ने अर्जुन से कहा था, मामेक शरणं व्रज! सब छोड़कर, तू मेरी शरण में आ जा।

कृष्ण ने कहा था, वह तो सार्थक है। क्योंकि वहां एक निरहंकारी था। वहां एक शून्यवत--महाशून्य था। तो कृष्ण ने कहा, सब छोड़कर मेरी शरण आ जा। इसमें अड़चन नहीं है क्योंकि कृष्ण महाशून्य हैं। अर्जुन डूब सकता है। लेकिन दो प्रेमी भी यही कह रहे हैं, मामेक शरण्र व्रज। पति पत्नी से कह रहा है, आ, मेरी शरण। पत्नी कह रही है, तुम्हीं आ जाओ। लाख चेष्टाएं चलती है। छुपी, प्रकट, अप्रकट, जाने में अनजाने में कि दूसरा झुक जाए और मिट जाए। इसलिए प्रेम एक संघर्ष हो जाता है। व्यक्तियों से प्रेम एक संघर्ष हो जाता है।इसलिए तुम कृपण आदमी के जीवन में थोड़ी शांति पाओगे। लेकिन प्रेमी आदमी के जीवन में तुम्हें शक्ति शांति न मिलेगी। पुलक तो मिलेगी, पर पुलक के पीछे अशांति छिपी होगी। और एक संघर्ष दिखाई पड़ेगा सतत। कौन मिटे? **जारी......**

# गाजर का जूस का सेवन सेहत के लिए है वरदान

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। शरीर के लिए जरूरी तमाम पोषक तत्वों के सेवन से बीमारियां भी दूर होती हैं। लोग स्वस्थ और फिट रहने के लिए जूस का सेवन करते हैं। फलों और सब्जियों के रस में तमाम पोषक तत्व होते हैं जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। आज के समय में डिटॉक्स ड्रिंक खूब चलन में है, लोग शरीर से विषाक्त पदार्थों को दूर करने के लिए इस ड्रिंक का सेवन करते हैं। नियमित रूप से रोजाना डिटॉक्स ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और शरीर के भीतर मौजूद विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकल जाते हैं। शरीर को फिट, हेल्दी और रोगमुक्त रखने के लिए आजकल एबीसी जूस का सेवन खूब किया जा रहा है। यह एक प्रकार का बॉडी डिटॉक्स ड्रिंक है जिसे तीन फल और सब्जियों को मिलकर बनाया जाता है। इंसान के शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए शरीर के तीन महत्वपूर्ण अंग काम करते हैं जिसमें लिवर, किडनी और आंतें शामिल है। यह जूस शरीर के इन तीनों अंगों से विषाक्त पदार्थों को बाहर करने में उपयोगी होता है। एबीसी जूस का सेवन सेहत के लिए रामबाण माना जाता है, आइये जानते है इसके सेवन से होने वाले फायदे और घर पर इसे तैयार करने की रेसिपी के बारे में।क्या है एबीसी डिटॉक्स जूस? एबीसी डिटॉक्स जूस या ड्रिंक सेहत के वरदान मानी जाती है। इसका सेवन मोटापे से लेकर शरीर की कमजोरी तक कई प्रकार की परेशानियों में फायदेमंद होता है। एबीसी जूस अस्त्रस्त्र्ी (सेब), (चुकंदर), (गाजर) को मिलकर बनाया जाता है। इन तीजों फलों में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो सेहव के लिए काफी उपयोगी माने जाते हैं। सेहत के साथ-साथ इस जूस का सेवन स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याएं जैसे पिंपल्स, ब्लैकहेड्स, ब्लैक स्पॉट्स और दाग-धब्बे की समस्या को दूर करने में यह जूस बहुत लाभदायक होता है। इसके अलावा एबीसी जूस का सेवन शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है।



# अपने राजा संजय कपूर के साथ सुपरस्टार बनकर डिजिटल डेब्यू कर रहीं माधुरी दीक्षित



ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के भारत में बूम के साथ तमाम बॉलीवुड सेलेब्रिटीज के सामने कहानियों का एक नया संसार खुल गया है, जहां उनकी प्रतिभा और कद के अनुसार किरदार गढ़े जा रहे हैं नेटफ्लिक्स पर अरण्यक सीरीज से रवीना टंडन के ओटीटी डेब्यू के बाद अब बारी है बॉलीवुड की धक-धक गर्ल और नब्बे के दौर की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक माधुरी दीक्षित की, जो नेटफ्लिक्स की ही सस्पेंस-थ्रिलर वेब सीरीज द फेम गेम से डिजिटल पारी शुरू कर रही हैं। रवीना को अपनी पहली सीरीज में जहां वो किरदार निभाने का मौका मिला, जिसे वो अपने पूरे फिल्मी करियर में निभाने का सपना देखती रहीं, वहीं माधुरी को पहली सीरीज में वो किरदार निभाने का मौका मिला है, जो वो रियल लाइफ में रही हैं। यानी सुपरस्टार।

मगर, द फेम गेम की कहानी इतनी भर नहीं है। गुरुवार को सीरीज का ट्रेलर रिलीज हुआ तो माधुरी के किरदार और कहानी की झलक सामने आयी। द फेम गेम में माधुरी अनामिका आनंद नाम की एक सुपरस्टार बनी हैं। उसका पति और दो बच्चे हैं। पति के किरदार में संजय कपूर हैं। संजय और माधुरी की फिल्म राजा आपको याद होगी, जो 1995 में आयी थी।

यह फिल्म संजय की डेब्यू फिल्म प्रेम के एक महीने बाद सिनेमाघरों में आयी थी। उस वक्त संजय डेब्यूटेंट थे और माधुरी स्थापित सितारा। संयोग से ओटीटी की दुनिया में संजय माधुरी से सीनियर हैं। खैर, अनामिका एक दिन अचानक गायब हो जाती है। 48 घंटों तक जब कोई खबर नहीं मिलती तो अफरा-तफरी मचती है। पुलिस और मीडिया सक्रिय हो जाते हैं। सेक्रेड गेम्स फेम राजश्री देशपांडे इनवेस्टिगेटिंग अफसर बनी हैं, जो अनामिका की गुमशुदगी का केस संभाल रही हैं।

# जब उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को आउट किया जाता है तो इमोशन दिखता है-विराट कोहली



**नई दिल्ली:** जेम्स एंडरसन बनाम विराट कोहली प्रतियोगिता एक ऐसी प्रतियोगिता है, जिसका हर क्रिकेट प्रशंसक फैन है। हर कोई इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट मैच का इंतजार करता है। ऐसे में यहां के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर यह गुरुवार को अलग नहीं था, क्योंकि भारत के कप्तान पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करने उतरे और जेम्स एंडरसन के सामने गोल्डन डक का शिकार हो गए। हालांकि, फैन ऐसा नहीं चाहते हैं। वे चाहते हैं कि दोनों प्रतिद्वंदियों के बीच द्वंद देखा जाए, लेकिन यहां दोनों के बीच एकतरफा द्वंद दिखा। हालांकि, इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरी ताकत के साथ टीम की लड़ाई होनी चाहिए।मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेम्स एंडरसन ने कहा, मैं उस पर (विराट कोहली के साथ उनकी लड़ाई पर) ज्यादा ध्यान नहीं देने की कोशिश करता हूं। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम गेंदबाज के रूप में वही करें जो हम अपनी ताकत में सर्वश्रेष्ठ करते हैं। मैं गेंद को दो सलामी बल्लेबाजों से दूर घुमाने और उस बढ़त को हासिल करने की कोशिश कर रहा था। उसके बाद, मैं स्टंप्स पर आक्रमण करने की कोशिश कर रहा था और एक स्ट्राइटर गेंदबाजी कर रहा था। आपको व्यक्तिगत लड़ाइयों को इससे दूर रखना होगा।वहीं, जब उनसे ये पूछा गया कि चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली के विकेट में कौन खास था, तो उन्होंने कहा, हां, किसी एक को चुनना अनुचित है, क्योंकि वे दोनों महान बल्लेबाज हैं। इसलिए उन दोनों को आउट करना बहुत अच्छा है और मैं खुश हूं। मैं एक नहीं चुन सकता। वहीं, इंग्लैंड के कमबैक को लेकर उन्होंने कहा, हां, मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक अच्छी लड़ाई थी, मुझे लगा कि हमने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। हमने अपनी पहली पारी में देखा कि अगर आप इस पिच पर अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो आप रन बना सकते हैं और साझेदारियां भी बना सकते हैं, लेकिन शुरूआत करना भी मुश्किल हो सकता है। अगर आपको एक विकेट मिलता है तो आपको एक क्लस्टर मिल सकता है, हम एक गेंदबाजी ग्रुप के रूप में अपने काम पर टिके रहे। इस तरह के कुछ विकेट हासिल करना, खासकर विराट के लिए उनके लिए इतना प्रभावशाली खिलाड़ी होने के कारण, यह बहुत अच्छा था। इसके अलावा विराट कोहली के विकेट को लेकर जेम्स एंडरसन ने कहा,देखिए, यह वहीं (कोहली का विकेट) हैं। विश्व स्तरीय खिलाड़ी को आउट करना हमेशा अच्छा होता है और वह निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। वहां कुछ इमोशन, उसे आउट करने के बाद सेलिब्रेशन, लेकिन हां, यह इतना बड़ा विकेट था, और जहां मैं चाहता था, वहीं गेंद फेंकना और उसके बाद इमोशन बाहर आ गए। टीम को मैच में वापस लाना और उनके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को आउट करते हैं .

## रोहित शर्मा बोले- अगर मेरे पाले में गेंद होगी तो मैं चौके-छक्के जरूर ठोकूंगा




**नई दिल्ली:** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 36 रन पर आउट हो गए। इसके बाद उनके एक शॉट पर सवाल उठे, जो कि उनका पसंदीदा शॉट है। रोहित के आउट होने के तरीके पर सवाल उठे तो हिटमैन ने अपने पुल शॉट खेलने का बचाव किया और कहा कि अगर वह अपने क्षेत्रों में गेंद देखते हैं, तो उन्हें अपने शॉट खेलने होंगे।पहले टेस्ट मैच में अच्छी तरह से सेट दिख रहे रोहित शर्मा को सैम कुरन ने ओली रॉबिन्सन की गेंद पर अपना ट्रेडमार्क पुल शॉट खेलते हुए कैच आउट किया था। दूसरे दिन बारिश के कारण जल्दी खेल समाप्त हो गया और प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए रोहित शर्मा ने कहा, यह मेरा शॉट है, इसलिए मुझे शॉट खेलने हैं, जैसा कि हमने खेल के पहले घंटे में देखा, हमें कोई ढीली गेंद नहीं मिली और उनके गेंदबाज काफी अनुशासित थे।उन्होंने आगे कहा, इसलिए, जब गेंद होती है तो आपको अपने मौके भुनाने होते हैं, आपको उन गेंदों पर रन बटोरना होता है। बेशक, आप जानते हैं, जब यह खेल खत्म होने का समय होता है, तो आप निराश महसूस करते हैं और यही मैं इसके बारे में महसूस कर रहा हूं। दरअसल, बात ये थी कि रोहित शर्मा जब 97 के कुल स्कोर पर आउट हुए तो भारत ने जल्द ही चेतेश्वर पुजारा, कप्तान विराट कोहली और उपकप्तान अजिंक्य रहाणे को खो दिया था।

हिटमैन रोहित शर्मा ने पुल शॉट को लेकर कहा,

**नई दिल्ली।** आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। टीम लगातार चौथे और कुल आठवीं बार फाइनल में पहुंची है। उसके नाम सबसे ज्यादा बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने का भी रिकार्ड है। वह अबतक चार बार इस खिताब को अपने नाम कर चुकी है। तीन बार उपविजेता रही है और आठवीं बार वह शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में खेलेगी। आइए नजर डालते हैं टीम के शानदार रिकार्ड पर यश ढुल की कप्तानी वाली टीम इंडिया आइसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टूर्नामेंट के पिछले तीन


## बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद ट्रेस्कोथिक ने माना इंग्लैंड ने ठीक से तैयारी नहीं की




**नई दिल्ली:** जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारतीय तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के आगे नाटिंघम में खेले जा रहे पहले टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी सिर्फ 183 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में खराब प्रदर्शन के लिए टीम के बल्लेबाजी कोच मार्क्स ट्रेस्कोथिक ने कम टेस्ट मैच खेलना कारण बताया है। उन्होंने यह भी माना कि टीम ने ठीक तरह से तैयारी नहीं की। मैच में इंग्लैंड की ओर से कप्तान जो रूट के अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। रूट ने 108 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से सर्वाधिक 64 रन बनाए। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके।ऐसे में इंग्लैंड के पूर्व ओपनर ने कहा कि शेड्यूलिंग हमेशा एक मुद्दा होता है और टेस्ट सीरीज के मद्देनजर आप निश्चित रूप से चाहते हैं कि बल्लेबाज ज्यादा से ज्यादा रेड-बॉल क्रिकेट खेलें। बता दें कि इंग्लैंड की टीम इस टेस्ट सीरीज से पहले श्रीलंका और पाकिस्तान से व्हाइट बॉल क्रिकेट खेली। वहीं अगर घरेलू क्रिकेट की बात करें वहां टी-20 ब्लास्ट और द हंड्रेड हो रहा है। यही कारण है ट्रेस्कोथिक ने शेड्यूलिंग को मुद्दा बताया। हालांकि, ट्रेस्कोथिक ने कहा कि वे इसे बहाने के तौर पर इस्तेमाल नहीं करने चाहते, बल्कि हम उन्हें ज्यादा समय क्रीज पर देखना चाहेंगे। उन्होंने टीम के प्रदर्शन को खराब बताया कहा कि अगली पारी और पूरी सीरीज में इंग्लैंड की टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत की दो-टूक, कहा- धर्म संसद में कही बातें हिंदुत्व नहीं,

## आरएसएस का विश्वास लोगों को बांटने में नहीं



**नागपुरः** धर्म संसद के बैनर तले आयोजित कार्यक्रमों में हिंदू और हिंदुत्व पर कही बातों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने असहमति जताई है। कुछ सप्ताह पहले दो स्थानों पर हुए आयोजनों को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हुई थी। हिंदुत्व और राष्ट्रीय अखंडता विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला में भागवत ने कहा, धर्म संसद से निकली बातें हिंदू और हिंदुत्व की परिभाषा के अनुसार नहीं थीं। अगर कोई बात किसी समय गुस्से में कही जाए तो वह हिंदुत्व नहीं है। मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस और हिंदुत्व में विश्वास रखने वाले लोग इस तरह की बातों पर भरोसा नहीं करते हैं। बीते दिसंबर में हरिद्वार में हुई धर्म संसद में मुसलमानों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया गया था जबकि रायपुर में हुई.

# नवाब मलिक बोले-हम महाराष्ट्र में सत्ता में रहेंगे और केंद्र में भी सत्ता हासिल करेंगे

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने बुधवार को कहा कि राकांपा, कांग्रेस और शिवसेना न केवल महाराष्ट्र पर शासन करना जारी रखेंगे, बल्कि भाजपा को हटाकर केंद्र में भी सत्ता में आएंगे। मलिक, जो राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं, ने शिवसेना सांसद संजय राउत के इस दावे के मद्देनजर टिप्पणी की कि उनसे कुछ लोगों ने संपर्क किया था, जिन्होंने उनसे महाराष्ट्र में एमवीए सरकार को गिराने में सहायता करने के लिए कहा था, ताकि राज्य को मजबूर किया जा सके। मध्यावधि चुनाव में। राउत ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को लिखे एक पत्र में यह भी आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियां



उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद शिवसेना के नेताओं को निशाना बना रही हैं। राकांपा और कांग्रेस के साथ। मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर शिवसेना द्वारा दीर्घकालिक सहयोगी भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के बाद, 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद तीनों दलों ने महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार बनाई।संजय राउत का समर्थन करते हुए नवाब मलिक ने कहा कि शिवसेना नेता ने जो कहा वह सच है और राकांपा नेताओं को भी निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन, यह उनका (भाजपा का) भ्रम है कि हम डर जाएंगे। वे कितनी भी कोशिश कर लें, (राज्य) सरकार पांच साल पूरे कर लेगी। यह सरकार 25 साल चलेगी। हम राज्य में सत्ता में रहेंगे, और हम केंद्र में भी सत्ता हासिल करेंगे। राकांपा नेता ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भाजपा के विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई के पीछे होने का भी आरोप लगाया।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेलः newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net